बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

09 मार्च, 2021

[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग].

Total Short Notice Question- 5

विचार कब तक

*97 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत गड़हनी प्रखंड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन की स्थिति काफी जर्जर है और उसका छत टूट कर गिर रहा है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन की मरम्मती या नया भवन बनाने का विचार रखती है?

कितने मरीज

*98 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों सहित महावीर कैंसर संस्थान फुलवारी शरीफ, पटना में लीवर सिरोसिस का इलाज होता है;

(ख) क्या यह सही है कि लीवर सिरोसिस जैसी गंभीर बीमारी का मुख्य कारण शराब का सेवन है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मेडिकल कॉलेजों के नाम सहित यह बताएगी कि क्रमशः वित्त वर्ष 2018-19, 2019-2020, दिसम्बर 2020 तक लीवर सिरोसिस के कितने मरीज पाए गए हैं?

विस्तृत सर्वेक्षण

*99 **श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

Will the **उद्योग** be pleased to state:-

क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि उद्योग विभाग द्वारा बिहार में स्थापित MSME इकाइयों का सर्वे वर्ष 2018 में करवाया गया था जिसे अब पुनः अद्यतन नहीं कराया गया है जो विभाग के कार्य के प्रति उदासीनता को दर्शाता है;

(ख) क्या यह सही है कि MSME & Large इकाइयों का प्रक्षेत्रवार अद्यतन सर्वे प्रतिवेदन/जानकारी उपलब्ध नहीं रहने के कारण राज्य के उद्यमियों/योजनाकारों/शोधकर्त्ताओं आदि को काफी परेशानी होती है; विभाग द्वारा वर्ष 2018 वाला पुराना आंकड़ा ही हर किसी को वर्ष 2021 में भी उपलब्ध कराया जाता है, जबकि प्रत्येक वर्ष इसे अद्यतन करना चाहिए;

(ग) क्या यह सही है कि उद्योग विभाग के पास राज्य में कितनी MSME & Large इकाइयां कार्यरत हैं एवं कितनी बंद हैं, उक्त इकाइयों में कितना पूंजी निवेश सन्निहित है एवं इनमें कितने रोजगार सृजित हैं, इससे संबंधित अद्यतन सर्वे प्रतिवदेन/जानकारी विभाग के पास उपलब्ध नहीं है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उद्योग विभाग कबतक राज्य में वर्ष 2020 तक कार्यरत एवं बंद इकाइयों का विस्तृत सर्वेक्षण कराकर एक डायरेक्ट्री मुद्रित कराने जा रही है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

अस्पताल का निर्माण

*100 **सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार ने बेगूसराय में एक मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनाने का निर्णय लिया है;

(ख) क्या यह सही है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल के भवन निर्माण शुरू करने की कोई सीमा तय की गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलायेगी कि बेगूसराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निर्माण कार्य कब से प्रारंभ करेगी?

डॉक्टर एवं नर्स का पदस्थापन

*101 **श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत ग्राम+पो.+थाना.- सिगोड़ी में सन् 1951 में पूर्व मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह द्वारा एक उप-स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 2010 में उप स्वास्थ्य केंद्र सिगोड़ी में छः शय्यावाला बेड की घोषणा भी की गई थी;

(ग) क्या यह सही है कि सिगोड़ी उप-स्वास्थ्य केंद्र में छः शय्या वाला बेड की घोषणा के बाद भी आजतक उसपर कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(घ) क्या यह सही है कि उप-स्वास्थ्य केंद्र, सिगोड़ी में डॉक्टर, नर्स एवं किसी भी तरह की कोई सुविधा नहीं रहने से वहां के निवासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्व घोषणा के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई करते हुए डॉक्टर एवं नर्स का पदस्थापन करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?